शोध कार्य प्रस्तुत

एनबीटी न्यूज, मेरठ रोड : आईटीएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी के निदेशक डॉ.एस. सतीश कुमार ने 15 वीं एशिया पैसेफिक फार्मा कांग्रेस में भाग लिया। सम्मेलन में उन्होंने अपने शोध कार्य प्रस्तुत किए। 15 वीं एशिया पैसेफिक फार्मा कांग्रेस का आयोजन 18 से 20 जुलाई तक मेलबर्न आस्ट्रेलिया में किया गया था। इसमें भारत, जर्मनी, इजिप्ट, दक्षिण कोरिया आदि देशों से आए शोधकर्ता, सीएसओ, सीआईओ ने भाग लिया।

आईटीएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी के निदेशक सम्मानित

गाजियाबाद। आस्ट्रेलिया के मेलबर्न शहर में 18 से 20 जुलाई 2018 तक आयोजित 15वीं एशियाई पैसिफिक फार्मा कांफ्रेंस में आईटीएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी के निदेशक डॉ. एस सदीश कुमार को आयोजन समिति के सदस्य के रूप में सम्मानित किया गया। एकेटीयू लखनऊ के यात्रा अनुदान पुरस्कार स्वरूप डॉ. सदीश ने इस कांफ्रेंस में भाग लिया। उन्होंने समुद्री शैवाल और जैव समुद्री यौगिक लाल शैवाल पर शोध कार्य प्रस्तुत किए। कांफ्रेंस में यूएस, इजिप्ट, जर्मनी आदि देशों के वरिष्ठ शोधकर्ता, रिसर्चर, सीएसओ, सीईओ शामिल हुए। डॉ. सदीश ने आईटीएस ग्रुप के प्रबंधन एवं एकेटीयू का आभार व्यक्त किया।